स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई दिनांक 08.12.2022

प्रॉपर्टी टैक्स के उचित मूल्यांकन के लिए रेन्डम चेकिंग करें ताकि सही आंकलन से रिवेन्यू का प्रतिशत बढ़े -डॉ तंबोली

भिलाई नगर/ आज कलेक्ट्रेट सभागार में संचालक डॉ अय्याज तंबोली नगरीय प्रशासन एवं विकास की अध्यक्षता में नगर निगम के आयुक्तों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, राजस्व वसूली, भवन अनुज्ञा, नीलामी, दरों में परिवर्तन अधोसंरचना संबंधित निर्माण कार्य को लेकर सघन चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ तंबोली ने रेवेन्यू का प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यावहारिक समाधान को अपनी कार्यशैली में लाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने समस्या के निदान के लिए समस्या का कारण जानने और उसके विकल्प तलाशने की बात कही। नागरिक सुविधा के दृष्टिकोण से ऑनलाइन सिस्टम डेवेलप करने की बात भी कही ताकि नागरिक घर बैठे ही सुविधाओं का लाभ ले सके। उन्होंने जर्जर हो चुके दुकानों के लीज़ को रिन्यूअल न करने के आदेश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रॉपर्टी टैक्स के मूल्यांकन का हो क्रॉस चेक- डॉ तंबोली ने उपस्थित अधिकारियों को प्रॉपर्टी की रेगुलर मॉनिटरिंग और एसेसमेंट के लिए निर्देशित किया। उनका वक्तव्य था कि स्थल परीक्षण करने से वास्तविक स्थिति के साथ डाटा को क्रॉस चेक करने में सहायता मिलती है। इस प्रकार के रैंडम चेकिंग करने से प्रॉपर्टी टैक्स का सही आकलन कर सकते हैं। इससे निसंदेह प्रॉपर्टी टैक्स में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। इसके अलावा बैठक में सड़क मरम्मत हेतु जारी राशि के विरूद्ध कार्य की प्रगति, आय बढ़ाने के साधन, निकाय की निर्मित परिसंपत्तियों से प्राप्त आय, 1.00 रू प्रतिफुट जमीन के संबंध में जारी दिशा-निर्देश अनुरूप प्राप्त भूमि, राजस्व वसूली हेतु किये गये प्रयास / प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति, अनाधिकृत भवन निर्माण के नियमितीकरण प्रक्रिया, ऑनलाईन बिल्डिंग परमिशन, एस. टी. पी. निर्माण की प्रगति, लीगेसी वेस्ट की अद्यतन स्थिति, भिलाई साडा के भूमि के संबंध में निविदा की प्रक्रिया, टाउन प्लानर की नियुक्ति और पी. एम. वाय. अंतर्गत निर्मित भवनों के आबंटन जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। आज की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, भिलाई निगम आयुक्त श्री रोहित व्यास, दुर्ग निगम प्रभारी आयुक्त श्री लक्ष्मण तिवारी, संयुक्त संचालक श्री एस के सुंदरानी, मुख्य अभियंता श्री यू. के धलेंद्र, श्री आशीष देवांगन नगर निगम आयुक्त रिसाली, श्री लोकेश चंद्राकर, सीएमओ व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।